भारत सरकार
रसायन और उर्वरक मंत्रालय
उर्वरक विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या **1378**

जिसका उत्तर शुक्रवार, 09 फरवरी, 2024/20 माघ, 1945 (शक) को दिया जाना है।

नैनो यूरिया की उत्पादन क्षमता

1378. डॉ. रामशंकर कठेरिया:

क्या रसायन और उर्वरक मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने नैनो यूरिया को उर्वरक (नियंत्रण) आदेश, 1985 में अधिसूचित किया है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) वर्तमान में देश में नैनो यूरिया उर्वरक की उत्पादन क्षमता का ब्यौरा क्या है;
(घ) क्या सरकार का उक्त उर्वरक की उत्पादन क्षमता में और वृद्धि करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ड.) यदि हां, तो इस योजना के शुरुआत के पश्चात् बाजार में बेचे गए नैनो यूरिया का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री

(भगवंत खुबा)

(क) और (ख): कृषि एवं किसान कल्याण विभाग (डीएएंडएफडब्ल्यू) ने 24 फरवरी, 2021 को इफको द्वारा उत्पादित नैनो यूरिया (तरल) को उर्वरक नियंत्रण आदेश (एफसीओ) के तहत नैनो उर्वरक के रूप में अधिसूचित किया है। इसके अलावा, डीएएंडएफडब्ल्यू ने भी दिनांक 6 मार्च, 2023 की अधिसूचना के माध्यम से, मेसर्स रे नैनो साइंस एंड रिसर्च सेंटर द्वारा निर्मित किए जाने वाले नैनो यूरिया के विनिर्देशनों को तीन वर्ष की अवधि के लिए अधिसूचित किया है।

(ग): इफको द्वारा कलोल, फूलपुर और आंवला में 17 करोड़ बोतलों (प्रत्येक में 500 मिलीलीटर) प्रतिवर्ष की क्षमता वाले तीन नैनो यूरिया संयंत्र स्थापित किए गए हैं। इसके अलावा, रे नैनो साइंस एंड रिसर्च सेंटर (आणंद, गुजरात) ने 4.5 करोड़ बोतल प्रति वर्ष की क्षमता वाले अपने नैनो यूरिया संयंत्र का वाणिज्यिक उत्पादन शुरू कर दिया है।

(घ): भारत सरकार नैनो यूरिया संयंत्रों की स्थापना में प्रत्यक्ष रूप से शामिल नहीं है। तथापि, उर्वरक कंपनियों ने सूचित किया है कि उन्होंने देश में 6 और नैनो यूरिया संयंत्र स्थापित करने का निर्णय लिया है।

(ङ): नैनो यूरिया की बिक्री का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा संलग्न किया गया है।

<u>अगस्त 2021 से जनवरी 2024 तक के दौरान नैनो यूरिया (500 एमएल की बोतलों में) की राज्य वार बिक्री</u>

राज्य	**इफको द्वारा की गई बिक्री (बोतल में)**	रे नैनो साइंस एंड रिसर्च सेंटर द्वारा की गई बिक्री
पंजाब	6263768	-
हरियाणा और दिल्ली	3722868	-
राजस्थान	5979880	-
जम्मू और कश्मीर	765512	-
हिमाचल प्रदेश	407886	-
गुजरात	5202314	77780
मध्य प्रदेश	5357990	-
छत्तीसगढ	1956772	-
महाराष्ट्र और गोवा	5602322	-
उत्तर प्रदेश	12492944	41040
उत्तराखंड	532212	-
बिहार	5461188	-
झारखंड	719574	-
पश्चिम बंगाल	5001112	-
असम और पूर्वोत्तर	1748174	-
ओडिशा	2196082	-
आंध्र प्रदेश	1332388	-
तेलंगाना	1452524	-
कर्नाटक	3574754	-
तमिलनाडु	2643358	-
केरल	275882	-
निर्यात*	484560	-
कुल	**7,31,74,064**	**1,18,820**
कुल योग	**7,32,92,884**	

******